'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Honours 1st Semester Examination, 2021

CC2-HINDI (102)

हिंदी कविता

(आदिकालीन एवं मध्यकालीन कविता)

Time Allotted: 2 Hours | Full Marks: 60

The figures in the margin indicate full marks.

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> के संक्षिप्त उत्तर दीजिए – 3×4 = 12

(क) विद्यापति की राधा किस रूप में वर्णित है ?

(ख) कबीर ने माया के लिए क्या-क्या विशेषण दिए हैं ?

(ग) तुलसी की समन्वय-भावना का एक उदाहरण दीजिए।

(घ) कबीर और तुलसी के राम में क्या अन्तर है ?

(ङ) उपालंभ-काव्य की विशेषताएँ लिखिए।

(च) राजा जयसिंह को बिहारी ने कौन-सा दोहा लिखकर भेजा था ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं <u>चार</u> की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए – 6×4 = 24

(क) सैसव जौवन दुहु मिलि गेल, स्रवन क दुहु लोचन लेल।
बचन क चातुरि लहु-लहु हांस, धरनिये चाँद कएल परगास।।

(ख) चिरजीवौ जोरी जुरै, क्यों न स्नेह गंम्भीर।
को घटि ये वृषभानुजा, वे हलधर की वीर।।

(ग) एक दिवस पून्यो तिथि आई। मानसरोदक चली नहाई।।
पद्मावति सब सखी बुलाई। जऊ फुलवारि सबै चलि आई।।

(घ) जोग ठगौरी ब्रज न बिकै है।
यह व्यौपार तिहारौ, ऊधो ऐसे ही फिरि जै है।
जापै लै आए हो मधुकर ताकै उर न समैहै।।

(ङ) राम नाम के पटंतरै देवे को कछु नांहि।
का लै गुरु संतोखिए, हौंस रही मन माहि।।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 12×2 = 24

(क) विद्यापति की कविता में प्रेम और श्रृंगार के स्वरूप पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ख) ''कबीर वाणी के डिक्टेटर है।'' इस कथन के आलोक में कबीर की कविता पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'विनय-पत्रिका' के आधार पर तुलसी की भक्तिभावना पर, प्रकाश डालिए।

(घ) ''बिहारी को साहित्य के अलावा साहित्येतर ज्ञान भी भरपूर था।'' इस कथन के आलोक में बिहारी के काव्य का मूल्यांकन कीजिए।

——×——